पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता के निधन पर दुःख व्यक्त किया</u>

लखनऊः 6 दिसम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने तमिलनाडु की मुख्यमंत्री सुश्री जयललिता के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि सुश्री जयललिता तमिलनाडु की एक लोकप्रिय महिला नेता थी, जिन्हें जनता का अपार समर्थन एवं स्नेह प्राप्त था। राज्यपाल ने कहा कि सुश्री जयललिता ने लम्बे समय तक तमिलनाडु की सेवा की और महिलाओं को आगे बढ़ाने का एक उदाहरण प्रस्तुत किया।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (446/12)